हरिभूमि
रायगढ़- भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026
[खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार]

RERA No.: PCGRERA040925001965

DCT
REAL ESTATE DEVELOPERS

A Project by:

Swarna Shikhar
3BHK SPLENDID APARTMENTS

घर का सपना सच करें

द ग्रैंड लक्जरी लिविंग एक्सपीरियंस

आपका इंतजार कर रहा है



ऊंचाई सिर्फ इमारत की नहीं होती
ऊंचाई तो उन सपनों की होती है
जो परिवार के साथ पूरे होते है

स्वर्ण शिखर

साईट एड्रेस
डीएलएस कॉलेज रोड, अशोक नगर,
सरकंडा बिलासपुर











Podium Garden | Plunge Pool | Decorative Entrance | Walking Track | Children's Play Area | 24x7 Water | Power Backup | Fire Safety | Lift | CCTV

DCT
REAL ESTATE DEVELOPERS

DCT REAL ESTATE DEVELOPERS

Red. Office: Behind High Court,
Chhatalund Road, Bilaspur (C.G.)

Contact for Site Visit & Booking:
6264883066, 7470886613

Website: dctrealestate.in

MODERN LIFESTYLE | PRIME LOCATION | TRUSTED DEVELOPER

खबर संक्षेप

पुसौर में हाइड्रोसील का सफल ऑपरेशन, 16 मरीजों को मिला लाभ



पुसौर। पुसौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही हाइड्रोसील के सफल ऑपरेशन शुरू हो गए हैं। बीते दिनों लगे विशेष शिविर में 16 मरीजों का सफल ऑपरेशन कर उन्हें नया जीवन दिया गया। कुछ वर्षों तक पुसौर में ऑपरेशन की सुविधा बंद होने से लोगों को छोटे से छोटे ऑपरेशन के लिए भी जिला चिकित्सालय का सहारा लेना पड़ता था जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती थी। लेकिन अब तस्वीर बदल गई है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय विधायक और प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के दिशा निर्देश और विशेष पहल पर पुसौर में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। अब यहां हाइड्रोसील के साथ साथ कई अन्य जटिल ऑपरेशन भी सफलता पूर्वक किए जा रहे हैं जिसमें गर्भस्थ शिशु को सुरक्षित बाहर निकालने जैसे संवेदनशील ऑपरेशन भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बीएमओ डॉ. बीके नायक द्वारा शासन की योजनाओं का बेहद संवेदनशीलता के साथ क्रियान्वयन किया जा रहा है। यहां पदस्थ सर्जन डॉ. दिनेश नायक और डॉ. रजनी नायक सहित पूरी मेडिकल टीम मरीजों को घरेलू माहौल में बेहतर इलाज मुहैया करा रही है। नगर उपाध्यक्ष उमेश साव ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं का विस्तार लगातार जारी है। इसी कड़ी में आज शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पुसौर में विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

बालसमुद पहाड़ मंदिर में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित



रायगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बालसमुद पहाड़ मंदिर में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मोहल्लेवासियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कौहाकुंडा की पार्षद श्रीमती श्वेता सिंह क्षत्रिय रहीं। पूर्व पार्षद संदीप सिंह क्षत्रिय एवं शहरी महिला एवं बाल विकास परियोजना रायगढ़ की सुपरवाइजर श्रीमती नेहा अग्रवाल सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में दिव्या साहू, ममता दीदी, बुधनी केवट, सत्यवती पटेल, भारती टांडी, बेलमती केवट, स्वास्थ्य मितानिन शांति साव, पार्वती चौहान सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं हितग्राही शामिल हुए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पिलेश्वरी चौहान एवं सहायिका नीतू साहू ने अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती रश्मि चौहान की ओर से नेवता भोज कराया गया। सुपरवाइजर नेहा अग्रवाल ने उपस्थित माताओं एवं हितग्राहियों को बच्चों को कुपोषण से बचाने के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने घर-घर मुनगा लगाने तथा महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र से समन्वय स्थापित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता, बाल भोज, न्योता भोज एवं बच्चों को खिलौना वितरण जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। महिला एवं बाल विकास परियोजना की ओर से स्वास्थ्य मितानिन शांति साव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पिलेश्वरी चौहान एवं सहायिका नीतू साहू को सम्मान पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की गई। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों की भागीदारी से परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल रहा। अंत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पिलेश्वरी चौहान ने सभी अतिथियों, हितग्राहियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिसके साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

ओडिसा से यूपी जा रही गांजे की दो बड़ी खेप जब्त, 8 तस्कर गिरफ्तार, एक फरार

सारंगढ़-बिलाईगढ़। जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बीच पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 30 सितंबर को पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी के दो अलग-अलग मामलों का खुलासा करते हुए करीब 103 किलो गांजा बरामद किया। दोनों कार्रवाइयों में गांजा तस्करी के लिए इस्तेमाल किए जा रहे वाहनों, मोबाइल और अन्य सामान समेत कुल 89 लाख 75 हजार रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। कार्रवाई में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी फरार बताया जा रहा है।

- 103 किलो से अधिक गांजा और सहित 89 .75 लाख का माल जब्त

पहली कार्रवाई चौकी बेलादुला थाना सरसीवा क्षेत्र में हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि नारंगी.लाल रंग के आयशर वाहन क्रमांक एमएच 04 एनबी 2816 से उड़ीसा की ओर से



गांजे की खेप बिलासपुर होते हुए उत्तर प्रदेश ले जाई जा रही है। सूचना पर बेलादुला पुलिस और एएनटीएफ की टीम ने तेंदूदरहा के पास घेराबंदी कर वाहन को पकड़ा। वाहन की तलाशी के दौरान पीछे रखी लोहे की अलमारी के भीतर भूरे टेप से लिपटे 35 पैकेट मिले। इनमें कुल 39.76 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बलांगीर, उड़ीसा से गांजा लेकर उत्तर प्रदेश जाने की जानकारी दी। इस मामले में अनुज कुमार गौतम 31 वर्ष और टिंकू वर्मा 25 वर्ष दोनों निवासी जौनपुर, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गांजा, आयशर वाहन, करीब 10 टन लोहे की चद्दर और दो मोबाइल सहित 45.20 लाख रुपए का माल जब्त किया। दूसरी कार्रवाई थाना भटगांव क्षेत्र में हुई। पुलिस द्वारा एमसीपी लगाकर वाहन जांच की जा रही थी। इसी दौरान सारंगढ़ की ओर से आ रही सफेद ऑल्टो कार यूपी 95 डब्ल्यू 5149 को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस के मुताबिक कार सवार चालक वाहन लेकर भाग निकला। इसी दौरान पीछे से आ रही कार यूपी 32 ए 4445 ने स्टॉपर को टक्कर मारी और तेज रफ्तार से बिर्रा.जांजगीर की ओर निकलने का प्रयास किया। पुलिस ने जांजगीर पुलिस से समन्वय कर गिरवानी पेट्रोल पंप के पास घेराबंदी की और कार को रोक लिया। तलाशी में चार प्लास्टिक बोरियों से 63.350 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। वहीं ऑल्टो कार में सवार लोग पायलटिंग कर रहे थे। मामले में सुनील बेलदार, अरविंद कुमार ठाकुर, सुरेंद्र यादव, सागर सिंह और मेहताब अहमद को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में गांजाए फ्रान्स कार ऑल्टो कार और सात मोबाइल फोन समेत 44.55 लाख रुपए का माल जब्त किया गया। पुलिस ने दोनों मामलों में कुल 103.110 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। जब्त संपत्ति की कुल कीमत 89.75 लाख रुपए बताई गई है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गयाए जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

गांजा बरामद कर जब्त किया

ओडिशा से गांजा लेकर उत्तर प्रदेश जा रहे 8 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों कार्यवाहियों में 103 किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद कर जब्त किया गया है।

सुनील शर्मा, पुलिस अधीक्षक
सारंगढ़ बिलाईगढ़।

फर्जी दस्तावेज व पहचान का इस्तेमाल कर किया था फर्जीवाड़ा

पण्डो जनजाति की भूमि फर्जी तरीके से गैर-आदिवासी के नाम बेचने वाला आरोपी कोरबा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कापू पुलिस ने पण्डो जनजाति की भूमि को कथित रूप से फर्जी तरीके से गैर-आदिवासी के नाम विक्रय कराने के मामले में फरार चल रहे आरोपी सुखन राठिया को कोरबा से हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया। पूछताछ व विवेचना में आरोपी द्वारा उक्त भूमि की फर्जी खरीदी-बिक्री में संलिप्तता पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर भेज दिया गया है।

गौरतलब है कि कापू पुलिस ने पण्डो जनजाति की भूमि को फर्जी तरीके से गैर-आदिवासी के नाम विक्रय कराने तथा ग्राम पंचायत रायमेर की शासकीय भूमि के फर्जी दस्तावेज एवं पट्टे तैयार कर दलालों के माध्यम से रजिस्ट्री कराने के मामले की जांच कर रही है। प्रकरण में तत्कालीन पटवारी राकेश कुमार साय तथा रजिस्ट्री के गवाह अगस्तुस खलखो की गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा अन्य संलिप्त आरोपियों की तलाश तेज की गई थी। इसी क्रम में आरोपी सुखन राठिया गिरफ्तारी से बचने के लिए पहले तमिलनाडु फरार हो गया था। बाद में पुलिस की तलाश की जानकारी मिलने पर वह कोरबा में अपना ठिकाना बनाकर रह रहा था, जहां कापू पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम डुमरनारा की भूमि खसरा नंबर 409 के संबंध में सामने आया कि उक्त भूमि पूर्व से पण्डो जनजाति के सदस्यों के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज रही है। वर्ष 2023-24 के राजस्व अभिलेखों की जांच में बिना सक्षम अधिकारी के आदेश के भूमि को सुखन



राठिया पिता बजरंग राठिया जाति रावत के नाम दर्ज किया जाना पाया गया। इसके बाद दिनांक 21 फरवरी 2024 को उक्त भूमि का पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से संतोष देवी गुप्ता निवासी रायपुर के नाम विक्रय किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि विक्रेता के रूप में जिस व्यक्ति को प्रस्तुत किया गया, उसका वास्तविक नाम सुखन राठिया पिता धनाराम जाति कंवर है। दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान फर्जी आधार कार्ड के उपयोग की बात भी सामने आई। जांच में तत्कालीन हल्का पटवारी राकेश कुमार साय द्वारा उक्त भूमि के विक्रय के लिए चौहद्दी प्रदान किए जाने की भूमिका भी सामने आई है। बीते 07 जुलाई 2026 को प्रार्थी उन्मेश पटेल तहसीलदार तहसील कार्यालय कापू की रिपोर्ट पर थाना कापू में धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120(बी) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में विक्रेता सुखन राठिया, क्रेता संतोष देवी गुप्ता, साक्षी संतन राठिया एवं जीवन वर्धन तथा तत्कालीन हल्का पटवारी राकेश कुमार साय की भूमिका की जांच की गई।

गिरफ्तार आरोपी सुखन राठिया ने पूछताछ में अपना वास्तविक नाम सुखन राठिया पिता धनाराम राठिया होना बताया। आरोपी के अनुसार तत्कालीन पटवारी राकेश साय एवं अन्य आरोपियों द्वारा उसका नाम सुखन पिता बजरंग रावत दर्शाकर जमीन की रजिस्ट्री कराई गई थी, जिसके एवज में उसे 10 हजार रूपए भी दिए गए थे। बाद में उक्त भूमि को गैर-आदिवासी संतोष देवी गुप्ता के नाम विक्रय किया गया।

शटर तोड़कर जनरल स्टोर में घुसे चोर, सीसीटीवी भी तोड़ा, युवक सहित दो नाबालिग गिरफ्तार

रायगढ़। जनरल स्टोर्स में चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक युवक सहित दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, रात के अंधेरे में चोरों ने लोहे की रॉड से दुकान का शटर ऊपर उठाया, अंदर घुसे और नकदी समेत अन्य सामानों पर हाथ साफ कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया, ताकि उनकी पहचान सामने न हो सके। हालांकि, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर एक युवक और दो विधि से नाबालिग बालकों को पकड़ लिया।



मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के कालीबाड़ी, सिविल लाइन स्थित दीपक जनरल स्टोर का है। दुकान संचालक हरिचंद अम्बुवानी ने पुलिस को बताया कि बीते 26 सितंबर की रात करीब 10 बजे दुकान बंद कर ताला लगाया था। अगले दिन सुबह जब वह दुकान पहुंचा तो शटर क्षतिग्रस्त मिला। अंदर सामान बिखरा पड़ा था और गल्ले से नकद रकम भी गायब थे। जांच करने पर राजश्री गुटखा के करीब 200 पैकेट भी नहीं मिले, जिनकी कीमत लगभग 25 हजार रुपये बताई गई। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने धारा 331(4) और 305 में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ मुखबिरों को सक्रिय किया। इसी दौरान सूचना मिली कि जूटमिल क्षेत्र के जेलपारा निवासी विवेकानंद चौहान अपने साथियों के साथ चोरी का राजश्री गुटखा कम कीमत पर दुकानदारों को बेचने की बात कर रहा है। पुलिस ने विवेकानंद चौहान और एक नाबालिग बालक को पकड़कर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 26 और 27 सितंबर की दरम्यानी रात लोहे की रॉड से शटर उठाकर दुकान में प्रवेश किया था।

संजय मार्केट में चला स्वच्छता का महाअभियान महापौर से लेकर व्यापारियों तक ने किया श्रमदान

रायगढ़। सेवा ही संकल्प अभियान के तहत निगम प्रशासन द्वारा आज संजय मार्केट में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, निगम के अधिकारी.कर्मचारी तथा संजय मार्केट के व्यवसायियों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए श्रमदान किया। सभी ने हाथों में झाड़ू, रांपा, तसला सहित अन्य सफाई उपकरण लेकर मार्केट परिसर और आसपास की गलियों में व्यापक साफ.सफाई की। अभियान के दौरान महापौर जीवर्धन चौहान ने स्वयं हाथ ठेला संभालते हुए संजय मार्केट की विभिन्न गलियों का भ्रमण किया और व्यवसायिक संस्थानों के सामने एवं आसपास पड़े कचरे को एकत्रित कर परिवहन के लिए भेजा। इसी तरह सभापति डिग्री लाल साहू ने तसला उठाकर गलियों में पड़े कचरे को एकत्रित किया। एमआईसी सदस्यों, पार्षदों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, निगम अधिकारियों.कर्मचारियों और व्यापारियों ने भी श्रमदान करते हुए मार्केट परिसर को स्वच्छ बनाने में सहभागिता निभाई। अभियान के दौरान निगम की टीम ने संजय मार्केट के व्यवसायियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि दुकान एवं व्यवसायिक संस्थान बंद करने के बाद कचरा सड़कए नाली या सार्वजनिक स्थान पर न फेंकें। अपने संस्थान में डस्टबिन रखें और एकत्रित कचरे को निगम के स्वच्छता वाहनों को ही दें। कचरा कहीं भी खुले में फेंकने से न केवल गंदगी फैलती है, बल्कि नालियां जाम होने और संक्रमण की स्थिति बनने की भी संभावना रहती है।



व्यापारियों से सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ने की अपील

निगम की टीम ने व्यवसायियों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा दुकानों पर आने वाले ग्राहकों को भी प्लास्टिक की सामग्री नहीं देने की अपील की। साथ ही सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2026 के अनुरूप कचरे का उचित प्रबंधन करनेए दुकानों में अलग.अलग डस्टबिन रखने और गीला.सूखा सहित अन्य प्रकार के कचरे को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार निगम के स्वच्छता वाहनों को देने के लिए समझाइश दी गई। अभियान के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखना केवल निगम की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें व्यवसायियों, नागरिकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी आवश्यक है।

चक्रधर समारोह कबड्डी में बड़े भंडार की बेटियों ने नाम किया रोशन, अदाणी फाउंडेशन की टीम बनी चैंपियन

रायगढ़। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह के तहत आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के महिला वर्ग में अदाणी फाउंडेशन बड़े भंडार की टीम ने खिताबी जीत हासिल की है। रोमांचक फाइनल मुकाबले में अदाणी फाउंडेशन की बेटियों ने जिंदल फाउंडेशन रायगढ़ को 22-19 के करीबी अंतर से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही अदाणी फाउंडेशन की टीम की इस खिताबी जीत पर खिलाड़ियों में भारी उत्साह है। प्रतियोगिता के समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा गबेलए उपाध्यक्ष दीपक सिदार और सदस्य सुषमा खलखो ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। महिला वर्ग में पहले स्थान पर रही अदाणी फाउंडेशन की टीम को 51 हजार रुपए और ट्रॉफी दी गई, वहीं दूसरे स्थान पर रही जिंदल फाउंडेशन को 31 हजार रुपए की पुरस्कार राशि मिली। लैलूंगा की टीम तीसरे और धरमजयगढ़ की टीम चौथे स्थान पर रही।



व्यक्तिगत पुरस्कारों में भी अदाणी फाउंडेशन की भूमिका सिदार को बेस्ट ऑलराउंडर चुना गया। इसके अलावा प्राची को बेस्ट कैचर और रीना को बेस्ट रेडर का पुरस्कार मिला। पुरुष वर्ग में धरमजयगढ़ के यशवंत कमलवंशी को बेस्ट कैचर, तमनार के जागृत पटेल को बेस्ट रेडर और आशीष सिदार को ऑलराउंडर का खिताब मिला। चक्रधर समारोह के तहत आयोजित इस तीन दिवसीय आयोजन में पुरुष और महिला वर्ग की कुल 25 टीमों ने अपनी ताकत दिखाई। प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह और रायगढ़ के महापौर जीववर्धन चौहान विशेष रूप से मौजूद रहे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। अदाणी पावर लिमिटेड की सामाजिक सरोकार इकाई अदाणी फाउंडेशन पिछले चार वर्षों से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों को निःशुल्क कबड्डी प्रशिक्षण दे रही है। इस शानदार पहल का असर अब खेल मैदानों पर दिखने लगा है। फाउंडेशन की मदद से अब तक क्षेत्र की 35 बालिकाओं का चयन राज्य स्तरीय और 4 बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिताओं के लिए हो चुका है। अदाणी फाउंडेशन की टीम लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है जो वर्ष 2023-24 में विजेताए 2024-25 में उपविजेता और पिछले दो वर्षों 2025-26 व 2026-27 से लगातार चैंपियन बनी हुई है।

न्यायालय नायब तहसीलदार पुसौर,
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)
-: नोटिस/सूचना:-
क्रमांक 878 रीडर 2/2026
पुसौर दिनांक 30.09.2026
प्रति,
(1) श्रीमती पुनम पति विनय कुमार (2) श्रीमती हेमलता पति जगदीश ग्राम गोर्रा प.ह.नं.01 तहसील- पुसौर, जिला रायगढ़ (छ0ग0)
विषय:-नामांतरण करने बाबत ।
विषयांतर्गत पत्र का अवलोकन हो इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक अपंजी/अ-6/2025-26 के अनुसार ग्राम गोर्रा प0ह0नं0 01 तहसील पुसौर में प्रकरण में आवेदक सुकुतराम पिता गंभीर (मृत), वारिश मेहतर लाल पिता सुकुतराम वगैरह निवासी टेका तहसील पुसौर, जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम गोर्रा प.ह.नं. 01 में स्थित भूमि ख.नं. 816/1 रकबा 2.80 डिसमील भूमि को आवेदकगण के पिता के द्वारा 6/7/1968 को विधिवत क्रय किया गया था। यह कि आवेदकगण के पिता क्रेतागण की मृत्यु हो चुकी है। उक्त खाता की भूमि ख.नं. 816/1 रकबा 2.80 डिसमील भूमि को आवेदकगण के नाम नामांतरण किया जावें। उक्त भूमि पर आवेदकगण का कब्जा है, तथा उक्त भूमि पर रजिस्ट्री बयनामा पश्चात आवेदकगण के पिता द्वारा कब्जा कर कृषि कार्य करते आ रहे है। अनावेदकगण को उक्त भूमि की संपूर्ण प्रतिफल राशि विक्रेतागण को हमारे पिताओं के द्वारा प्रदान कर दिया गया था। अतः उपरोक्त आवेदित भूमि को आवेदकगण के नाम पर नामांतरण किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त आवेदित भूमि के संबंध में सूचित किया जाता है कि प्रकरण सुनवाई दिनांक 14/10/2026 को नियत किया गया है। जिसके संबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार एवं आम जनता को कोई उजर आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 14/10/2026 को पेश कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त उजर आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 30.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के सील मुहर अंकित कर जारी किया गया।
सील:-
नायब तहसीलदार
पुसौर

दुर्गोत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजन समितियों को दिए जरूरी निर्देश

रायगढ़। दुर्गोत्सव के दौरान जिले में शांतिए सुरक्षा और बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित सृजन सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्गोत्सव आयोजन समितियों के प्रतिनिधियों के साथ प्रशासनए पुलिस, नगर नि ग म , या ता या त , विद्युत, स्वास्थ्य एवं नगर सेना विभाग के अधिकारियों ने आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में गरबा एवं डांडिया आयोजन की पूर्व सूचना प्रशासन को देने के निर्देश दिए गए।

- गरबा आयोजन की पूर्व सूचना देना जरूरी, नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

आयोजकों को बताया गया कि आयोजन की समय पर सूचना मिलने से स्थल पर साफ सफाई, विद्युत, सुरक्षा, यातायात सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से सुनिश्चित की जा सकेंगी। दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर भी चर्चा हुई। समितियों से निर्धारित व्यवस्था एवं नियमों के अनुरूप विसर्जन करने तथा आयोजन के दौरान प्रशासन एवं पुलिस द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने कहा गया। एडीएम अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने गरबा एवं डांडिया कार्यक्रमों की गरिमा और मर्यादा बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने आयोजकों को आपत्तिजनक अथवा अमर्यादित गीतों का प्रसारण नहीं करने तथा कार्यक्रम स्थल पर शालीन एवं गरिमापूर्ण वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रतिभागियों से भी आयोजन की गरिमा के अनुरूप व्यवहार एवं वेशभूषा का ध्यान रखने की अपेक्षा की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी ने आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करने तथा अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग में निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने और धार्मिक एवं भक्ति भाव से जुड़े गीतों को प्राथमिकता देने की बात कही।



नवरात्र व दशहरा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ सुगम यातायात सुनिश्चित करने के निर्देश

सारंगढ़। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती पद्मिनी भोई साहू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले की कानून व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित पुलिस,परिवहन, लोक निर्माण विभाग, नगरीय निकाय एवं समिति से संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

- कलेक्टर की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था व सड़क सुरक्षा की समीक्षा

कलेक्टर ने आगामी नवरात्र और दशहरा पर्व को देखते हुए कानून व्यवस्था, भीड़ एवं यातायात प्रबंधन, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण, सड़क सुरक्षा, दुर्घटना संभावित स्थलों में सुधार और मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई की एजेंडावार समीक्षा करते हुए प्रशासन और पुलिस की टीम को आपसी समन्वय के साथ मैदानी स्तर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने जिले में कानून व्यवस्था, यातायात नियमों के पालन, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी दी। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जिले की ऐतिहासिक, धार्मिक, पर्यटन एवं सांस्कृतिक विरासत माई नाथलदाई मंदिर में 11 से 19 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले नवरात्र पर्व की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। नवरात्र के दौरान ओडिशा सहित आसपास के जिलों एवं विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए उन्होंने मंदिर परिसर और पहुंच मार्ग में सुरक्षाए सुगम आवागमन, वाहनों की पार्किंग, भीड़ नियंत्रण तथा आपातकालीन परिस्थितियों के लिए पहले से कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन स्थल एवं प्रमुख मार्गों का पूर्व निरीक्षण कर आवश्यक स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही अनुविभाग, थाना, चौकी, और तहसील स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसडीएम एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी पर्वों के दौरान प्रशासन और पुलिस की टीम पूरी सजगता और आपसी समन्वय के साथ मैदानी स्तर पर कार्य करे।

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

4

दुर्घटना संभावित स्थलों का होगा सुधार
कलेक्टर ने की सड़क सुरक्षा की समीक्षा



खबर संक्षेप

14 टन स्क्रैप से लदा माजदा वाहन पकड़ा गया

रायगढ़। पूंजीपथरा पुलिस ने अवैध स्क्रैप परिवहन के मामले में कार्रवाई करते हुए करीब 14 टन स्क्रैप से लदे माजदा वाहन को जब्त किया है। जब्त स्क्रैप की अनुमानित कीमत 3 लाख 98 हजार तथा परिवहन में प्रयुक्त वाहन की कीमत करीब 8 लाख इस प्रकार कुल करीब 11 लाख 98 हजार की संपत्ति जब्त की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 30 सितंबर को थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राम किंकर यादव को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रायगढ़ की ओर से आए लाल-मैरून रंग के माजदा वाहन में विभिन्न प्रकार के टीन, लोहे के टुकड़े, रॉड एवं वाहनों के पार्ट्स सहित स्क्रैप लोड कर स्टार ढाबा के पास छिपाकर रखा गया है। सूचना मिलने के बाद पूंजीपथरा पुलिस ने मौके पर दबिश दी, जहां माजदा वाहन क्रमांक ओडी 15 व्ही 7853 खड़ा मिला। वाहन की जांच करने पर उसके डाला में विभिन्न प्रकार के टीन, लोहे के टुकड़े, रॉड एवं वाहनों के पार्ट्स सहित करीब 14 टन स्क्रैप लोड पाया गया। पुलिस टीम को देखकर वाहन चालक छिपने एवं मौके से भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे पुलिसकर्मियों ने पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम भूषण कुमार साह पिता पुनवासी साह 37 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 09 ब्रजराजनगर बताया। पूछताछ में आरोपी ने स्क्रैप को रेंगाली कैंप जिला बरगढ़ स्थित कबाड़ी दुकान से लेकर स्थानीय प्लांट में खपाने के लिए लाना बताया। पुलिस ने वाहन में लोड करीब 14 टन स्क्रैप कीमत 3.98 लाख एवं परिवहन में प्रयुक्त टाटा माजदा वाहन कीमत करीब 8 लाख, कुल करीब 11.98 लाख की संपत्ति जब्त कर कब्जा पुलिस में लिया है।

कहीं किसानों के घर तो कहीं बरामदे में लग रही कक्षाएं, रसोई कक्ष में भी पढ़ने मजबूर विद्यार्थी

बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा शिक्षा विभाग जर्जर स्कूलों की जानकारी तक नहीं दे सके अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले की सरकारी स्कूल व्यवस्था में भवनों की बदहाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। रायगढ़ जिले में 200 से अधिक सरकारी स्कूल भवन जर्जर स्थिति में हैं। इन स्कूलों में कई जगह बच्चों की कक्षाएं निजी मकानों, बरामदों, पंचायत भवनों, सामुदायिक भवन और यहां तक कि रसोई कक्ष में संचालित हो रही हैं। दूसरी ओर, जिले के भवनविहीन और मरम्मत योग्य स्कूलों की अद्यतन जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं कराने को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय ने रायगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

गौरतलब है कि रायगढ़ जिले में करीब 200 से अधिक स्कूल जर्जर अवस्था में हैं, जिनकें जीर्णोद्धार व नवीन भवन निर्माण की मांग कई बार की जा चुकी है। किंतु अब तक इन जर्जर विद्यालयों व वहां के विद्यार्थियों को नवीन शाला भवन नसीब नहीं हो सका है। इसी बीच बीते 7 सितंबर को लोक शिक्षण संचालनालय ने भवनविहीन व मरम्मत योग्य स्कूलों की जानकारी मांगी थी। इस जानकारी को भेजने के लिए संचालनालय ने शिक्षा विभाग को 7 दिन का समय दिया था, लेकिन इस निर्धारित समयावधि में जानकारी शासन को नहीं भेजी गई। ऐसी स्थिति में बीते 29 सितंबर को संचालनालय ने जिला शिक्षा अधिकारी को इस संदर्भ में स्पष्टीकरण मांगा है और उन्हें तीन दिन के भीतर जवाब देने के साथ आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इसके अलावा संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम-1966 के तहत कार्रवाई और अक्टूबर का वेतन रोकने की चेतावनी दी गई है। बता दें कि स्कूल भवनों की कमी का सबसे सीधा असर विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ विकासखंड के कई प्राथमिक स्कूल ग्रामीणों के निजी मकानों में संचालित हो रहे हैं। प्राथमिक शाला कहुवापानी, बारूखोल, सकरलिया, चुनचुनीढांढ, उपरसलखेता, सरिया जूनापारा और ढुढबहार में बच्चों को निजी मकानों में पढ़ाया जा रहा है। पुसौर के प्राथमिक शाला नोनाईडीपा की कक्षाएं भी निजी मकान के बरामदे में संचालित हो रही हैं। वहीं लैलूंगा में कुछ शाला भी सैकड़ों विद्यार्थी बरामदे में पढ़ने को मजबूर हैं। मुख्य बात यह है कि यह समस्या केवल प्राथमिक स्कूलों तक सीमित नहीं है। खरसिया के कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल जोबी में 219 विद्यार्थियों तथा रायगढ़ के हायर सेकेंडरी स्कूल कछार में करीब 180 विद्यार्थियों की कक्षाएं बरामदों में संचालित होने की जानकारी है। धरमजयगढ़ के दाहीडांड प्राथमिक शाला में 26 और सिरडाही प्राथमिक शाला में 16 विद्यार्थी अस्थायी व्यवस्था में पढ़ रहे हैं। पुसौर के सारसमाल प्राथमिक शाला में 19 बच्चों की कक्षाएं रसोई कक्ष में संचालित की जा रही हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत कलमी में स्थित प्राथमिक व माध्यमिक शाला के 56 विद्यार्थी भी जर्जर भवन में शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं।



ग्राम पंचायत कलमी में स्थित जर्जर माध्यमिक शाला भवन, इनसेट में आदेश की कॉपी।

डीएमएफ से 81 स्कूलों को मिली प्राथमिकता

रायगढ़ जिले की स्थिति को देखें तो यहां भवनों की समस्या काफी व्यापक है। विभागीय जानकारी के अनुसार जिले में 200 से अधिक स्कूल भवन जर्जर स्थिति में हैं। इनमें से 81 विद्यालयों के भवन निर्माण और जीर्णोद्धार के लिए जिला स्तर से प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है। इन स्कूलों के लिए डीएमएफ और सीएसआर मद से राशि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा गया है। इन 81 स्कूलों में सबसे अधिक 26 विद्यालय धरमजयगढ़ विकासखंड के हैं। इसके बाद लैलूंगा में 17 और पुसौर में 16 स्कूल भवनविहीन या जर्जर स्थिति में बताए गए हैं। जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा विभाग ने डीएमएफ और सीएसआर मद से स्कूल भवन निर्माण एवं मरम्मत के लिए बीते वर्ष 10 नवंबर को प्रस्ताव भेजा था।

बच्चों की सुरक्षा को लेकर पालक चिंतित

मुख्य बात यह है कि इन जर्जर भवनों में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थी व उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षक की जान हमेशा में जोखिम रहती है। कभी भी जर्जर भवन भराभरा कर गिर सकता है और इन जर्जर भवनों से होने वाली बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। कई बार अभिभावकों ने भी जिला प्रशासन की चौखट पर पहुंच कर नवीन भवन की मांग की है। अभिभावकों को ऐसे जर्जर भवनों में शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर अपने बच्चों को लेकर चिंता लगी रहती है।

> जिले के जर्जर स्कूलों की जानकारी शासन स्तर पर मांगी गई थी। जर्जर स्कूल व भवन विहीन स्कूलों की जानकारी तैयार कर ली गई है। सूची शासन को भेजी जा रही है।
>
> **श्यामानंद साहू**
> जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़

नंदोई पति को घर से ले गया, फिर नहीं लौटा, पत्नी ने थाने में लगाई गुहार

रायगढ़। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के पंजरीप्लांट इलाके में एक महिला ने अपने पति के घर से अचानक चले जाने के बाद उसकी तलाश कराने के लिए पुलिस से गुहार लगाई है। महिला ने शिकायत में आरोप लगाया है कि उसके नंदोई टपुल कुमार मौर्य 13 सितंबर को उसके पति राहुल चौहान को घर से अपने साथ लेकर गए थे, जिसके बाद से राहुल वापस नहीं लौटे हैं। महिला का दावा है कि पति के संबंध में पूछताछ करने पर ससुराल पक्ष के लोग कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं। पुलिस को दिए आवेदन के मुताबिक पंजरीप्लांट निवासी 26 वर्षीय ममता चौहान की शादी 20 अप्रैल 2025 को राहुल चौहान के साथ सामाजिक रीति.रिवाज से हुई थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि शादी के शुरुआती दो महीने तक सब कुछ सामान्य रहाए लेकिन इसके बाद पति और सास द्वारा छोटी.छोटी बातों को लेकर कथित तौर पर ताने दिए जाने लगे। विरोध करने पर पति द्वारा उस पर झूठे आरोप लगाने का भी महिला ने दावा किया है। विवाद बढ़ने के बाद महिला और उसका पति सास से अलग रहने लगे थे। महिला के अनुसारए इससे पहले भी वह कई बार थाना में शिकायत आवेदन दे चुकी है। दोनों पक्षों को थाने बुलाकर समझाइश देने के बाद मामला शांत कराया जाता था। 13 सितंबर की शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच उसके नंदोई टपुल कुमार मौर्य घर पहुंचे और राहुल चौहान को अपने साथ लेकर चले गए।

दुष्कर्म के मामले मे आरोपी को उम्रकैद

रायगढ़। धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायालय ने आरोपी अकील साय पहाड़ी कोरवा को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय के निर्देशों के अनुसार यह आजीवन कारावास की सजा आरोपी के शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक प्रभावी होगी। इसके साथ ही आरोपी पर 5 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। मामला धरमजयगढ़ थाने में दर्ज अपराध संबंधित है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 14 दिसंबर 2021 की शाम नाबालिग पीड़ित अपनी सहेली के साथ गांव में एक शादी समारोह में जा रही थी।

4.50 लाख लेकर जमीन की रजिस्ट्री टालते रहे विक्रेता

रायगढ़। कोतरा रोड थाना क्षेत्र में कृषि भूमि के बिक्री सौदे के बाद रकम लेने के बावजूद जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराने का मामला सामने आया है। ग्राम उच्चभिट्ठी में स्थित कृषि भूमि को लेकर आवेदिका ने पुलिस से शिकायत की थी। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने प्रथम दृष्टया मामले को जमीन संबंधी विवाद और आपसी लेन.देन का मामला माना है। पुलिस के अनुसारए ऐसे मामले में सीधे पुलिस हस्तक्षेप का प्रावधान नहीं होने के कारण आवेदिका को न्यायालय के समक्ष कार्रवाई करने की सलाह दी गई है। शिकायत के मुताबिक ग्राम उच्चभिट्ठी में खसरा नंबर 692/2 रकबा 0.043 हेक्टेयर कृषि भूमि के लिए 11 जुलाई 2025 को बिक्री का सौदा तय किया गया था। आवेदिका का आरोप है कि जमीन का सौदा 90 हजार रुपए प्रति डिसमील की दर से कुल 4 लाख 50 हजार रुपए में हुआ और पूरी रकम नगद प्राप्त कर ली गई।



खबर संक्षेप

सितंबर माह का राशन अब 15 तक मिलेगा

सारंगढ़। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सितंबर एवं अक्टूबर 2026 के खाद्यान्न वितरण की समय सीमा बढ़ाई गई है। शासन के निर्देशानुसार सितंबर माह के लिए जारी खाद्यान्न का वितरण अब 15 अक्टूबर तक तथा अक्टूबर माह के लिए जारी खाद्यान्न का वितरण 30 अक्टूबर तक किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू ने शासन के निर्देशों के अनुरूप जिले की समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय.सीमा के भीतर पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रतानुसार खाद्यान्न एवं अन्य राशन सामग्री का वितरण पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकान संचालकों को निर्देशित किया है कि राशन वितरण में पात्र हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और शासन द्वारा बढ़ाई गई समय सीमा का लाभ सभी संबंधित हितग्राहियों को मिले। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न के भंडारण एवं वितरण की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

289 केंद्रों में आंगन मिलन सेवा से जुड़ा समुदाय

रायगढ़। आंगनबाड़ी केंद्र अब केवल बच्चों और महिलाओं तक पोषण सेवाएं पहुंचाने का माध्यम नहीं, बल्कि गांव और समुदाय को जोड़कर स्वास्थ्य पोषण और महिला बाल विकास की योजनाओं की जानकारी देने का प्रभावी केंद्र भी बन रहे हैं। सेवा संकल्प अभियान के तहत 29 सितंबर को रायगढ़ जिले के 289 आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में जनप्रतिनिधियों, महिलाओं, बच्चों और ग्रामीणों की सहभागिता से आंगनबाड़ी केंद्रों में सामुदायिक जुड़ाव का संदेश सामने आया। एकीकृत बाल विकास परियोजना ग्रामीण के अंतर्गत उच्चभिट्ठी, कलमी, बेहरामार मुनुंद सेक्टर, मौहदापारा बी, भजनडीपा, सोनकरपारा, खरसिया के रानीसागर सहित विभिन्न केंद्रों में आयोजित कार्यक्रमों में पोषण और स्वास्थ्य को केंद्र में रखते हुए कई गतिविधियां हुईं। कहीं बच्चों ने चित्रकारी और बालगीत प्रस्तुत किए तो महिलाओं ने मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। स्वस्थ बालक-बालिका प्रतियोगिता, पौष्टिक व्यंजनों एवं रेडी टू ईट से तैयार सामग्री का प्रदर्शन भी किया गया।

टीबी के मरीजों को मिल रहा इलाज

रायगढ़। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मरीजों की पहचान से लेकर उनके उपचार और परिवार के सदस्यों को संक्रमण से बचाने तक की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के दिशा.निर्देशन तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में यह कार्य जिले में लगातार जारी है। 24 मार्च 2026 से जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान का लगातार क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान के तहत सामान्य लोगों की लक्षणों के आधार पर जांच की जा रही है। वहीं, टीबी के अधिक जोखिम वाले लोगों की एक्स-रे के माध्यम से जांच की जा रही है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता और मितानिन संभावित मरीजों की पहचान कर उन्हें जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने में मदद कर रहे हैं। टीबी की पुष्टि के लिए सीबीनॉट, ट्रूनेट और हैंड हेल्ड एक्स-रे जैसी जांच सुविधाओं का उपयोग किया जा रहा है। टीबी मरीजों को निःशुल्क एंटी टीबी दवा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही मरीज के परिवार के सदस्यों की भी जांच और निगरानी की जा रही है। जरूरत के अनुसार उन्हें टीबी से बचाव के लिए टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी की दवा दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत वर्ष 2025 से अब तक जिले में 1,288 टीबी मरीजों की पुष्टि हुई है। इनमें से 1,281 मरीजों का उपचार जारी है। वहीं 1,772 परिवार के सदस्यों को टीबी से बचाव की दवा दी जा चुकी है। जिले में टीबी उपचार की सफलता दर 98 प्रतिशत है। टीबी की समय पर पहचान और पूरा उपचार ही बीमारी से स्वस्थ होने का सबसे प्रभावी तरीका है।

8 माह में 1 हजार 418 प्रकरणों में 17 लाख की कार्रवाई

दुर्घटना संभावित स्थलों का होगा सुधार कलेक्टर ने की सड़क सुरक्षा की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए दुर्घटनाओं एवं उनसे होने वाली जनहानि में कमी लाने के लिए पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण विभाग, नगरीय निकाय और संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जनवरी से अगस्त 2026 तक जिले में 147 सड़क दुर्घटनाओं में 82 लोगों की मृत्यु हुई और 145 लोग घायल हुए हैं।

कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा के निर्देशों का प्रभावी पालन कराते हुए दुर्घटनाओं और मृत्यु के मामलों में और कमी लाने के लिए प्रवर्तन के साथ सुधारात्मक उपायों पर विशेष ध्यान देने को कहा। पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने यातायात नियमों के पालन के लिए की गई पुलिस कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि 1 जनवरी से 31 अगस्त 2026 तक मोटरयान अधिनियम के तहत 1,418 प्रकरणों में 16 लाख 80 हजार 400 रुपए की कार्रवाई की गई। इनमें नो.पार्किंग के 437, बिना सीट बेल्ट के 374, बिना हेलमेट के 160, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग के 131, शराब सेवन कर वाहन चलाने के 102, बिना लाइसेंस के 88, तेज गति से वाहन चलाने के 51, मालवाहक वाहन में यात्री परिवहन के 43 तथा नो एंट्री के 32 प्रकरण शामिल हैं। उन्होंने यातायात अमले को हेलमेट एवं सीट बेल्ट का पालन कराने के साथ तेज गति, शराब पीकर वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल के उपयोग, बिना लाइसेंस वाहन चलाने और नाबालिग वाहन चालकों के मामलों में नियमित जांच जारी रखने के निर्देश दिए।



विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश

सड़क सुरक्षा को जन जागरूकता से जोड़ते हुए विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा वाहन चालकोंए बस एवं ऑटो चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। चयनित ग्राम पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों में यातायात पार्क सह शिक्षण केंद्र स्थापित करने की कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई, जहां बच्चों एवं युवाओं को मॉडल सड़क, चौराहा, यातायात संकेत तथा हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व सहित सड़क सुरक्षा नियमों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा सकेगा।

विभाग करें संयुक्त रूप से निरीक्षण: कलेक्टर

कलेक्टर ने दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट की पहचान और उनमें सुधार को प्राथमिकता देते हुए पिछले तीन से पांच वर्षों के दुर्घटना आंकड़ों का विश्लेषण कर बार बार दुर्घटना होने वाले स्थानों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। पुलिस, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, परिवहन विभाग एवं स्थानीय निकाय संयुक्त रूप से ऐसे स्थानों का निरीक्षण करेंगे। सड़क की चौड़ाई, दृश्यता, मोड़ एवं जंक्शन, गति सीमा, सड़क संकेतक, प्रकाश व्यवस्था और डिवाइडर सहित सुरक्षा मानकों का तकनीकी परीक्षण कर विभागवार सुधार कार्य किए जाएंगे। उन्होंने आवश्यकतानुसार चेतावनी संकेतक, रंबल स्ट्रिप, कैट्स.आईए रिफ्लेक्टर, क्रैश बैरियर एवं गति सीमा बोर्ड लगाने, सड़कों की मरम्मत एवं गड्ढे भरने, ब्लाइंड स्पॉट दूर करने, स्ट्रीट लाइट तथा रोड मार्किंग की व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। जरूरत वाले स्थानों पर यातायात सिग्नल, जेब्रा क्रॉसिंग, पैदल पार पथ और डिवाइडर बनाने तथा अतिक्रमण हटाकर यातायात सुगम करने के निर्देश दिए। स्कूलए अस्पताल, बाजार और धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष यातायात प्रबंधन तथा पार्किंग व्यवस्था पर भी ध्यान देने को कहा गया।



वरिष्ठ नागरिकों को मिली साइबर सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत हाई स्कूल हरदी में समाज कल्याण विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिजिटल साक्षरता एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक एवं वृद्धजन शामिल हुए। डिजिटल माध्यमों के प्रति सहजता और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी स्टैंड भी बनाया गया, जहां वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक तस्वीरें लीं।

कार्यक्रम में पुलिस विभाग ने वरिष्ठ नागरिकों को साइबर अपराध और ऑनलाइन ठगी के बदलते तरीकों की जानकारी देते हुए उनसे सतर्क रहने की अपील की। एसडीओपी गोविन्द सिंह ने बताया कि साइबर ठग कई बार बैंक अधिकारी अथवा अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि बनकर फोन करते हैं और ओटीपी सहित बैंक खाते से जुड़ी गोपनीय जानकारी हासिल कर ठगी का प्रयास करते हैं। उन्होंने विशेष रूप से पेंशनधारी वरिष्ठ नागरिकों को सचेत करते हुए कहा कि पेंशन, बैंक खाता अथवा अन्य वित्तीय कार्यों के नाम पर मांगा गया ओटीपी किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने कहा कि साइबर अपराधी मोबाइल फोन और ऑनलाइन माध्यमों से अलग अलग तरीके अपनाकर लोगों को अपने जाल में फंसाने का प्रयास करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी समूह अथवा गैर सरकारी संस्था के नाम पर ऋण दिलाने, अधिक लाभ देने या अन्य आर्थिक प्रलोभन देकर धोखाधड़ी के मामले सामने आते हैं।

बरमकेला में जिला स्तरीय सॉफ्ट टेनिस महिला अस्मिता लीग का आयोजन



बरमकेला। खेलो इंडिया के तत्वावधान में डिस्ट्रिक्ट सॉफ्ट टेनिस महिला अस्मिता लीग 2026 का आयोजन विकासखंड बरमकेला स्थित पीएम सेजेस स्कूल के टेनिस कोर्ट में किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य महिला खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अवसर प्रदान करना और उनकी प्रतिभा को बेहतर मंच उपलब्ध कराना रहा। विभिन्न आयु वर्ग की खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपने खेल कौशल, अनुशासन और प्रतिस्पर्धी भावना का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में नगर पंचायत बरमकेला की अध्यक्ष श्रीमती सत्यभामा नायक एवं पार्षद श्रीमती गरिमा पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में छत्तीसगढ़ सॉफ्ट टेनिस संघ के सचिव प्रमोद सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष रवि सरए, टेक्निकल डिपार्टमेंट से दिलीप विश्वकर्मा तथा पूर्व सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रमोद यादव शामिल रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नियमित अभ्यास और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के सब जूनियर वर्ग में कुसुम साहू ने स्वर्ण, आशी जायसवाल ने रजत तथा योगिता एवं सविता ने कांस्य पदक प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में गीतिका नेताम ने स्वर्ण, हरिप्रिया बरेठ ने रजत तथा लता एवं कोमल ने कांस्य पदक हासिल किया।

रोजगार मेला में 8720 पदों पर होगी भर्ती

रायगढ़। राज्य शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा 7 एवं 8 अक्टूबर को रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले में अब तक विभिन्न कंपनियों एवं प्लेसमेंट संस्थाओं के 36 नियोजकों के माध्यम से 8,720 रिक्त पद उपलब्ध कराए गए हैं। इन पदों के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों का ई रोजगार पोर्टल पर पंजीयन शुरू हो गया है। रोजगार मेला सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, बुढ़ापारा, रायपुर में आयोजित होगा। मेले में शामिल होने के इच्छुक रायगढ़ जिले के युवा ई रोजगार पोर्टल पर उपलब्ध रिक्तियों की जानकारी देखकर अपनी योग्यता के अनुरूप पद के लिए पंजीयन कर सकते हैं। अब तक प्राप्त रिक्तियों में विभिन्न कंपनियों और प्लेसमेंट संस्थाओं द्वारा अलग अलग पदों के लिए भर्ती की जाएगी। अभ्यर्थी पोर्टल पर संबंधित पद की शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य आवश्यक जानकारी देखकर रोजगार मेले में भाग लेवे।

कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

रायगढ़। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने डीएमएफ अंतर्गत प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रों में स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को स्वीकृत कार्यों की नियमित निगरानी करने और उन्हें तय समय में पूरा कराने के निर्देश दिए। डीएमएफ प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में कलेक्टर ने वर्ष 2026-27 एवं पूर्व वर्षों में स्वीकृत कार्यों की विभागवार, जनपद पंचायतवार और नगरीय निकायवार समीक्षा की। उन्होंने डीएमएफ राशि में अनियमितता की शिकायत मिलने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अप्रारंभ, प्रारंभ, प्रगतिरत और पूर्ण कार्यों की स्थिति के साथ टेंडर प्रक्रिया, कार्यादेश, उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं पूर्णता प्रमाण पत्र की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम लगभग समाप्त हो चुका है। ऐसे में अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र शुरू कराया जाए और इसी कार्यशील मौसम में कार्य पूर्ण करने के लिए उचित प्लानिंग की जाए। उन्होंने कहा कि डीएमएफ कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा होगी और प्रत्येक सप्ताह कार्यों की जानकारी ली जाएगी। संबंधित अधिकारी स्वयं कार्यस्थल का निरीक्षण करें और कमियां मिलने पर उन्हें समय रहते दूर कराएं। उन्होंने सभी इंजीनियरों को समय-समय पर फील्ड विजिट करने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी को समय रहते दूर किया जा सके। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में मरम्मत के लिए स्वीकृत कार्यों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। कलेक्टर ने इन कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिएए ताकि कार्य मजबूती और गुणवत्ता के साथ पूरे हो सकें। बैठक में डीएमएफ परियोजनाओं की निगरानी के लिए रियल टाइम क्यूआर सोशल ऑडिट प्रणाली के क्रियान्वयन संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया।

डीएमएफ के कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं, गड़बड़ी मिली तो होगी सख्त कार्रवाई



काम शुरू होते ही लगेगा सूचना बोर्ड

कलेक्टर ने कहा कि डीएमएफ गाइडलाइन के अनुसार कार्य शुरू होते ही स्थल पर कार्य के विवरण और स्वीकृत राशि सहित सूचना बोर्ड लगाया जाए। कार्य पूर्ण होने के बाद आवश्यक जानकारी के साथ बोर्ड लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे।

2026-27 में 200 से अधिक कार्य स्वीकृत

बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 4 कार्य, सीजीएमएससी अंतर्गत 59 कार्य, जिपं अंतर्गत 1 कार्य, जपं धरमजयगढ़ अंतर्गत 16 कार्य, जपं लैलूंगा अंतर्गत 26 कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत 29 कार्य, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण अंतर्गत 15 कार्य, जपं घरघोड़ा अंतर्गत 17 कार्य, ग्रामीण निर्माण मंडल अंतर्गत 16 कार्य, जपं तमनार अंतर्गत 9 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत 6 कार्य स्वीकृत किए गए।

आंगन पहुंचा सेवा संकल्प जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया उत्साह

कटेली। सेवा संकल्प अभियान के तहत झरियापारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के बीच पहुंचकर उनके कार्यों की सराहना की और शासन की योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डे ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों की देखरेख का स्थान नहीं, बल्कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण सेवाओं का केंद्र हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के



संरक्षण, देखरेख, पालन पोषण और स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। स्वस्थ जच्चा और स्वस्थ बच्चा समाज की मजबूत नींव है और इसे मजबूत बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज की सेवा में जुटे लोगों के बीच पहुंचकर उनके कार्यों को समझने और उनका उत्साह बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

शारदीय नवरात्रि में चंद्रपुर में लगेगा मेला

चंद्रपुर। मां चंद्रहासिनी की पावन धार्मिक नगरी चंद्रपुर में इस वर्ष शारदीय क्वांर नवरात्रि के अवसर पर विशेष मेले का आयोजन किया जाएगा। नवरात्रि पर्व को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप देने के लिए नगर में विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

इसी संबंध में बुधवार की शाम नगर के सम्माननीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाजसेवियों एवं नगरवासियों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी ने आपसी तालमेल और सहयोग के साथ नवरात्रि मेले को बेहतर एवं व्यवस्थित स्वरूप देने को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक में रावण दहन, मीना बाजार, भव्य झांकी एवं शोभायात्रा, कवि सम्मेलन, नाट्य मंचन सहित



विभिन्न विशेष कार्यक्रम आयोजित करने पर चर्चा हुई। साथ ही मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों की सुविधाए सुरक्षा, यातायात व्यवस्था तथा कार्यक्रमों के बेहतर संचालन को लेकर भी आवश्यक रूपरेखा तैयार करने पर जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाजसेवियों एवं नगरवासियों ने कहा कि मां चंद्रहासिनी की नगरी चंद्रपुर धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष पहचान रखती है। ऐसे आयोजनों से न केवल नगर में उत्सव का माहौल बनेगा, बल्कि स्थानीय कलाकारों एवं प्रतिभाओं को भी अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। नगरवासियों ने मेले को सफल बनाने के लिए सामूहिक सहयोग एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही।

सेजेस तमनार में ब्लॉक स्तरीय ड्राइंग भाषण प्रतियोगिता

तमनार। सेवा संकल्प अभियान के तहत स्कूल शिक्षा विभाग तमनार द्वारा ब्लॉक स्तरीय ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 1 अक्टूबर को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल तमनार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया एवं नगर पंचायत अध्यक्ष अश्विनी पटनायक, जनपद अध्यक्ष जागेश जागेश सिदार, जिला महामंत्री भाजपा जतिंद्र साव अन्य गणमान्य नागरिक, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं 30 हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र छात्राएं शामिल हुए।

सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोनिका गुप्ता द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए सेवा संकल्प अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय



चित्रकला भाषण प्रतियोगिता में 30 हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र छात्राएं भाषण एवं चित्रकला में भाग लिए। भाषण में प्रथम मुस्कान बेहरा ओपी जिंदल स्कूल कुंजेमुरा, द्वितीय आराध्या गुप्ता वुड्सवेली स्कूल कसडोल, तृतीय अजय सिंह, सेजेस तराईमाल, सांत्वना यति साहू, ओपी जिंदल स्कूल, बबीता राठिया सेजस कन्या शाला, सोनिया प्रधान, आदर्शग्राभा एवं ड्राईंग प्रतियोगिता में प्रथम अमर चौधरी सेजस तमनार, द्वितीय स्थान आसू देवांगन ओपी जिंदल स्कूल कुंजेमुरा ने प्राप्त किया।

वृद्धजनों को स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ कानूनी अधिकारों की दी गई जानकारी

वृद्धजन दिवस पर घरघोड़ा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घरघोड़ा में 1 अक्टूबर को वृद्धजनों के लिए विशेष स्वास्थ्य एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासन के निर्देशानुसार 1 से 15 अक्टूबर तक शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में वृद्धजनों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं एवं जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय, घरघोड़ा के माननीय न्यायाधीश दामोदर प्रसाद चंद्रा, श्रीमती मिनी ठाकुर एवं सुश्री प्रीति झा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी उपस्थित रहीं। इस दौरान वृद्धजनों को स्वास्थ्य सेवाओं के साथ उनके कानूनी





अधिकारों और उपलब्ध विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी गई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सेतराम पैकरा एवं न्यायाधीश दामोदर प्रसाद चंद्रा ने नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2016 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए वृद्धजनों के अधिकार, सम्मान एवं सुरक्षा तथा उनके प्रति परिवार और समाज की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने वृद्धजनों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्य एवं विधिक सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में चिकित्सक डॉ. ज्योत्सना गुप्ता, डॉ. भानुप्रकाश कुर्रे, डॉ. कामिनी गुप्ता, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. ईश्वर प्रसाद खड़बंदे, बीईटीओ विनोद एक्का, पर्यवेक्षक रोहित कुमार डनसेना, लेखा प्रभारी विष्णु प्रसाद पैंकरा, बीडीएम सुनीत कुजूर, डाटा एंट्री ऑपरेटर चंदरभान सिदार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

